RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल
मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 45 | नागौर, 8 जनवरी, 2022 (शनिवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

### देश का बहुचर्चित बुल्ली बाई एप प्रकरण

## असम से पकड़ा गया मुख्य आरोपी नीरज विश्नोई नागौर का




सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** देश के बहुचर्चित बुल्ली बाई एप प्रकरण का कनेक्शन नागौर से जुड़ गया है। इस ऐप को विकसित करने वाला मुख्य दिमाग नागौर के गांव रोटू निवासी 21 वर्षीय नीरज विश्नोई का है। गौरतलब है कि नीरज को बुल्ली बाई एप मामले में गुरूवार को पुलिस ने असम से गिरफ्तार किया था। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल टीम ने असम के जोरहाट से नीरज को गिरफ्तार किया था। नीरज एक इंजीनियरिंग का छात्र है जिसने इस ऐप का इस्तेमाल मुस्लिम महिलाओं को ऑनलाइन दांव लगाने के लिए किया।

दिल्ली पुलिस के अनुसार नागौर जिले के रोटू गांव का रहने वाला नीरज जन्म से ही असम के जोरहाट में अपने परिवार के साथ रहता है। फिलहाल नागौल पुलिस को इस मामले की पूरी जानकारी नहीं है। दिल्ली पुलिस के डीसीपी केपीएस मल्होत्रा ने कहा कि नीरज के फोन और लैपटॉप से कई सुराग मिले हैं, जिससे पता चलता है कि मुख्य दिमाग नीरज ही था।

### क्या है बुल्ली बाई एप, समझे

मुस्लिम महिलाओं को बुल्ली बाई ऐप ने निशाना बनाया गया। जो औरते टवीटर व फेसबुक पर सक्रिय रहती थी उनकी फोटोज में एडिटिंग करके बुल्ली बाई ऐप पर निलाम किया जाता। शिवसेना के एक मंत्री से सबसे पहले बुली बाई एप के खिलाफ मामला दर्ज कराया था, जिसके बाद सैकड़ों संगठनों ने इसका विरोध किया व यह मुद्दा राष्ट्रीय मुद्दा बन गया।

# प्रदेश में फिर कोरोना ब्लास्ट

## 3300 नए कोरोना केस आये, 2 की मौत

जयपुर।

राजस्थान में कोरोना की तीसरी लहर बेकाबू होती जा रही है। पिछले 7 दिन में 11 गुना मरीज बढ़े हैं। शुक्रवार को 3300 नए केस मिले हैं। इसी के साथ एक्टिव केस की संख्या 10 हजार के पार हो गई है। जयपुर में सबसे ज्यादा 1527 पॉजिटिव और जोधपुर में 440 मिले हैं। जयपुर व करौली में एक एक मरीज की मौत हुई है। जयपुर के अकेले वैशाली नगर में सबसे ज्यादा 103 संक्रमित मिले हैं। वहां कम्युनिटी स्प्रेडिंग की आशंका जताई जा रही है। जयपुर के 110 ऐसे संक्रमित हैं, जो अपने लिखाए गए पते पर नहीं मिल रहे हैं। राजस्थान पुलिस मुख्यालय में भी कोरोना विस्फोट हुआ है। यहां के 44 पुलिस अफसर-कर्मचारी पॉजिटिव मिले हैं। इनमें आईपीएस, आरपीएस, इंस्पेक्टर और ऑफिस कर्मचारी शामिल हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, राजधानी जयपुर में करीब 20 इलाके हॉटस्पॉट बन गए हैं।

**279 लोग रिकवर :** राजस्थान में शुक्रवार को एक्टिव केसों का आंकड़ा 10,287 हो गया। 279 लोग रिकवर हुए। राजस्थान में शुक्रवार को सबसे ज्यादा जयपुर में 1527, जोधपुर में 440, अलवर में 219, उदयपुर में 189, बीकानेर में 187, अजमेर में 103 और कोटा में 100 कोरोना संक्रमित सामने आए हैं। इसके अलावा, बांसवाड़ा में 18, बाड़मेर में 30, भरतपुर में 57, भीलवाड़ा में 96, बूंदी में 10, चित्तौड़गढ़ में 85, चुरू में 8, दौसा में 5, धौलपुर में 7, डूंगरपुर में 24, गंगानगर में 16, हनुमानगढ़ में 6, जैसलमेर में 5, झालावाड़ में 9, झुंझुनूं में 4, करौली में 2, नागौर में 26, पाली में 1, प्रतापगढ़ में 32, राजसमंद में 20, सवाईमाधोपुर में 40, सीकर में 1, सिरोही में 15 व टोंक में 18 केस सामने आए।



### जयपुर में मिले मरीज

शुक्रवार को वैशाली नगर में 103, बिना पते वाले 110, झोटवाड़ा में 81, सोढाला में 56, आदर्श नगर में 42, वाहर नगर में 39,जेएलएन मार्ग पर 37, अजमेर रोड पर 49, अग्रवाल फार्म में 22, आमेर में 31, बनीपार्क में 36, बरकत नगर में 12, ब्रह्मपुरी में 12, चाकसू में 15, चांदपोल में 27, सिविल लाइंस में 18, सी-स्कीम में 24, दुर्गापुरा में 37, गांधी नगर में 20, घाटगेट में 19, गोपालपुरा में 29, गोविंदगढ़ में 12, इंदिरा गांधी नगर में 24, जगतपुरा में 37, खातीपुरा में 11, किरण पथ में 20, लालकोठी में 21, मालवीय नगर में 42, मानसरोवर में 45, मुरलीपुरा में 12, पत्रकार कॉलोनी में 40, प्रताप नगर में 28, राजा पार्क में 16, सांगानेर में 28, शाहपुरा में 21, शास्त्री नगर में 31, सिरसी में 20, सीतापुरा में 35, टोंक रोड में 33, त्रिवेणी नगर में 11, विद्याधर नगर में 11 केस नए केस मिले हैं।

### इन इलाकों में 10 से कम केस

जयपुर के 22 गोदाम में 1, अंबाबाड़ी में 7, आमेर रोड पर 4, बगरू में 2, बस्सी में 8, बीलवा में 1, भांकरोटा में 4, घाटगेट सेंट्रल जेल में 3, चौड़ा रास्ता में 6, छोटी चौपड़ पर 3, जिला जेल जयपुर में 4, दूदू में 6, ईदगाह में 2, गलतागेट में 5, गोनेर रोड पर 1, गुर्जर की थड़ी पर 1, हरमाड़ा में 1, हसनपुरा में 3, जयसिंहपुरा खोर में 1, जालुपूरा में 1, जमवारामगढ़ में 9, झालाना में 2, करतारपुरा में 6, किशनगढ़ रेनवाल में 1, किशनपोल में 3, कोटपूतली में 7, लूणियावास में 6, महेश नगर में 5, माणकचौक में 4, एमडी रोड पर 5, एमआई रोड पर 2, फागी में 2, फुलेरा में 1, पुरानी बस्ती में 1, रामबाग में 2, रामगंज में 6, रामगढ़ मोड पर 1, सांभर में 9, सांगानेरी गेट में 2, सीकर रोड पर 1, सिंधी कैंप में 3, एमएसएम अस्पताल में 7, स्टेशन रोड पर 4, सुभाष चौक में 8, तिलक नगर में 5, टोंक फाटक में 9, वाटिका में 2, विराट नगर में 3 केस सामने आए।

## देश में तेजी से बढ़ रहे हैं नए वेरिएंट के मामले चिंताजनक : पीएम मोदी

नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोलकाता में चित्तरंजन राष्ट्रीय कैंसर संस्थान के दूसरे परिसर का उद्घाटन किया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी मौजूद रहीं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश के हर नागरिक तक उत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के राष्ट्रीय संकल्पों को मजबूत करते हुए आज हमने एक और कदम बढ़ाया है। चित्तरंजन राष्ट्रीय कैंसर संस्थान का ये दूसरा परिसर पश्चिम बंगाल के लोगों के लिए बड़ी सुविधा लेकर आया है। इससे विशेष रूप से गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों को बड़ी सुविधा मिलेगी जिनका कोई अपना कैंसर से मुकाबला कर रहा हो। कैंसर से जुड़ा इलाज, इससे जुड़ी सर्जरी और थेरेपी अब और सुलभ हो जाएगी। उन्होंने कहा कि देश ने आज एक और महत्वपूर्ण पड़ाव को पार किया है। साल की शुरुआत देश ने 15 से 18 साल की उम्र के बच्चों के लिए वैक्सीनेशन से की थी। वहीं आज साल के पहले महीने के पहले हफ्ते में ही भारत 150 करोड़ वैक्सीन डोज़ का ऐतिहासिक मुकाम भी हासिल कर रहा है। 150 करोड़ वैक्सीन डोज वो भी एक साल से कम समय में, ये आंकड़ों के हिसाब से बहुत बड़ी संख्या है। दुनिया के अधिकतर देशों के लिए ये आश्चर्य से कम नहीं। भारत के लिए ये नई इच्छा शक्ति का प्रतीक है, जो असंभव को संभव करने के लिए कुछ भी कर गुजरने का हौसला रखती है। भारत के लिए यह प्रतीक है आत्मविश्वास का, यह प्रतीक है आत्मनिर्भरता है, यह प्रतीक है आत्मगौरव का। मैं आज इस अवसर पर सभी देशवासियों को बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कोरोना के खिलाफ लड़ाई में हमारा यह वैक्सीनेशन उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना खतरनाक यह भेष बदलने वाला कोरोना वायरस है। आज दुनिया कोरोना के नए ओमीक्रोन वेरिएंट का सामना कर रही है। हमारे देश में भी मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इसीलिए 150 करोड़ वैक्सीनेशन का सुरक्षा कवच हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। आज भारत की वयस्क जनसंख्या में से 90 प्रतिशत से ज़्यादा लोगों को वैक्सीन की एक डोज़ लग चुकी है। सिर्फ 5 दिन के भीतर ही डेढ़ करोड़ से ज्यादा बच्चों को भी वैक्सीन की डोज़ लगाई जा चुकी है। ये उपलब्धि पूरे देश की है, हर सरकार की है। उन्होंने कहा कि मैं विशेष रूप से इस उपलब्धि के लिए देश के वैज्ञानिकों, वैक्सीन मैन्यूफैक्क्ररर्स और हमारे हेल्थ सेक्टर से जुड़े साथियों का धन्यवाद करता हूं।



### प्रधानमंत्री के पंजाब दौरे के दौरान 'सुरक्षा में चूक' अच्छी बात नहीं : आरएसएस

हैदराबाद।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिन पहले की पंजाब यात्रा के दौरान 'सुरक्षा में चूक' एक गंभीर मुद्दा है और यह अच्छा नहीं है कि उच्च संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति फंसे रहें। संघ के सह सरकार्यवाह मनमोहन वैद्य ने यहां संवाददाताओं को बताया, गंभीर मुद्दा है। इसकी जांच भी की जा रही है। सरकार अपना काम करेगी। उच्च संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति ऐसे ही फंसे रहें, यह अच्छा नहीं है। यह देश के लिए अच्छा नहीं है।

वैद्य ने शुक्रवार को यहां संपन्न 'संघ परिवार' के संगठनों की तीन दिवसीय समन्वय बैठक के बारे में पत्रकारों को जानकारी दी। वैद्य से पांच जनवरी को प्रधानमंत्री की पंजाब यात्रा के दौरान हुई 'सुरक्षा चूक' के बारे में पूछा गया, जिस पर उन्होंने यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि 36 स्वतंत्र, स्वायत्त संगठनों ने बैठक में भाग लिया और 24 महिलाओं सहित 216 प्रतिनिधियों के आने की उम्मीद थी, जिनमें से 91 प्रतिशत ने भाग लिया।

## बच्चों के वैक्सीनेशन की मांग आज नहीं तो कल पीएम मानेंगे, स्कूल-कॉलेज बंद करने पर सोच-समझकर फैसला : गहलोत

जयपुर।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कोरोना और वैक्सीनेशन को लेकर अफसरों और मेडिकल एक्सपर्ट के साथ ओपन वीसी की। करीब घंटे चली बैठक में बच्चों का वैक्सीनेशन का मामला छाया रहा। सीएम ने कहा- भारत सरकार को सभी बच्चों के लिए वैक्सीनेशन शुरू करना चाहिए। इसमें केवल 15 से 18 साल के बच्चों से काम नहीं चलेगा। हमें सभी बच्चों को टीका लगाना चाहिए। 60 साल से ऊपर के लोगों को बूस्टर डोज के लिए को-मॉर्बिट (पहले से ही गंभीर रोगों से घिरे हुए लोग) का राइडर हटाना चाहिए। सभी आयु के मॉर्बिट को बूस्टर डोज लगना चाहिए। सीएम ने कहा कि कई राज्यों में हॉस्टल, काचिंग, स्कूल-कॉलेज बंद हो गए हैं। अभी एक्सपर्ट ने कहा कि यह कोई तोड़ नहीं हैं। स्वाइन फ्लू के समय भी स्कूलों की छुट्टियों की बात चली थी। स्कूल बंद करते ही बच्चे घूमने लगे तो और ज्यादा मुसीबत हो जाएगी। हम स्कूल-कॉलेज पर सोच-समझकर फैसले करेंगे। कई बार लोगों में मैसेज के लिए फैसले करने पड़ते हैं कि हालत कितनी गंभीर है। गहलोत ने कहा- भारत सरकार स्वीकार करे कि एक साथ इतने बड़े देश में एक साथ इंतजाम नहीं हो सकता, लेकिन जनता को आश्ववस्त करें कि धीरे-धीरे सबको वैक्सीन लगा दी जाएगी। दुनिया के 40 देशों में 2 साल तक के बच्चों को वैक्सीन लग चुकी है। हम हमारे बच्चों को कैसे वंचित रख सकते हैं। सीएम ने कहा कि बच्चों के वैक्सीनेशन की मांग आज नहीं तो कल भारत सरकार को और प्रधानमंत्री को माननी पड़ेगी। अभी प्रधानमंत्री को सही राय नहीं मिल रही है। इतने बड़े मुल्क की आबादी में बच्चों की संख्या करोड़ों में है। हम अगर बच्चों के लिए वैक्सीन की व्यवस्था नहीं करेंगे तो पछताएंगे। चौथी लहर आ गई तो क्या कर लेंगे आप? दुनिया के देशों से अजीब खबरें आ रही हैं। कई देशों में नए वैरिएंट पैदा हो गए हैं। सीएम ने अफसरों से कहा कि घुमंतू जातियों, कच्ची बस्तियों पर फोकस करें। ऐसे लोगों को देखें, जो इस बीमारी की गंभीरता को नहीं समझ रहे हैं। वैक्सीनेशन से छूटे हुए वर्गों पर फोकस करें। हमें हर हाल में वैक्सीनेशन पूरा करना है, तभी राजस्थान सेफ होगा।



सीएम ने कहा- ओमिक्रॉन खत्म होने के बाद कौन सी बीमारी आएगी, यह अभी किसी को नहीं पता। जिस तरह पोस्ट कोविड बीमारियों के नतीजे आ रहे हैं, वह सबके सामने है। ओमिक्रॉन में अभी मौतें नहीं हो रही हैं। इसलिए लोग परवाह नहीं कर रहे हैं। इस लापरवाही का नतीजा हमें बाद में भुगतना पड़ेगा। हम आम जनता को समझाएं कि वह लापरवाही नहीं करें। वैक्सीन लगाएं। प्रोटोकॉल का पालन करें। 31 जनवरी के बाद नो वैक्सीन, नो एंट्री लागू करेंगे।

### ओमीक्रोन कम गंभीर भले है लेकिन इसे हल्के में नहीं लें : डब्ल्यूएचओ

जेनेवा।

ओमिक्रॉन वैरिएंट ने दुनिया भर में कोरोना की सुनामी ला दी है। इसकी वजह से दुनिया भर के हेल्थ सिस्टम पर पर बहुत ज्यादा दबाव पड़ रहा है। डब्ल्यूएचओ चीफ टेड्रोस गेब्रेयेसस ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए दुनिया को चेताया है कि ओमिक्रॉन की वजह से दुनिया भर में लोगों की जान जा रही है। इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। हालांकि कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि ओमिक्रॉन कोरोना के दूसरे वैरिएंट के मुकाबले कम घातक है। डब्ल्यूएचओ चीफ टेड्रोस ने कहा है कि ओमिक्रॉन दुनियाभर में लोगों की जान ले रहा है। वैक्सीनेटेड लोगों के लिए ओमिक्रॉन डेल्टा के मुकाबले कम खतरनाक साबित हो रहा है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि इसे हल्के में लेना चाहिए। पिछले वैरिएंट की तरह ही ओमिक्रॉन लोगों को अस्पताल में भर्ती कर रहा है और मार रहा है। टेड्रोस ने कहा कि नया वैरिएंट रिकॉर्ड संख्या में लोगों को संक्रमित कर रह है। ये कई देशों में पिछले वैरिएंट डेल्टा से भी तेजी से फैल रहा है।




## नागौर में झाड़ियों में ले जाकर मासूम के साथ कुकर्म, 8 घंटों में पकड़ा गया

सद्दाम रंगरेज

**नागौर( नागौर डेली न्यूज ) :** नागौर पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए मात्र 8 घंटों के अंदर मासूम के साथ कुकर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नागौर के कुम्हारी गांव में ढाई साल के मासूम से कुकर्म का मामला दर्ज होने महज 8 घंटे में ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि गुरुवार को मासूम घर के बाहर खेल रहा था तभी आरोपी वहां आया और मासूम को उठाकर झाड़ियों में ले गया, जहां उसने मासूम के साथ कुकर्म किया। इसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गया। थोड़ी देर बाद जब मासूम की तलाश करते हुए परिजन वहां पहुंचे तो मासूम झाड़ियों में रो रहा था। इसके बाद घटना का पता चला। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### ये है आरोपी

थानाधिकारी सदर नागौर के अनुसार कुकर्म के आरोपी कैलाश पुत्र हरिराम नायक उम्र 22 वर्ष निवासी कुम्हारी को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि एक दिन पहले दोपहर में आरोपी कैलाश घर के बाहर खेल रहे ढाई साल के मासूम को उठाकर झाड़ियों में ले गया था, जहां उससे कुकर्म किया।



### देश मे 1 लाख 37 हजार से ज्यादा नए मामले आये , 344 की मौत

#### महाराष्ट्र में 40,925 और दिल्ली में 17,335 पॉजिटिव मिले

नई दिल्ली।

देश में आज 1 लाख 37 हजार 24 केस सामने आए हैं। इससे पहले गुरुवार को भी 1लाख 17 हजार 94 नए मामले दर्ज किए गए थे। शुक्रवार को 344 लोगों की मौत हुई है। इसके साथ ही 39 हजार 580 लोग ठीक भी हुए हैं।

एक्टिव केस का आंकड़ा 4 लाख 62 हजार 613 हो गया है। इधर देश में महाराष्ट्र में एक बार फिर सबसे ज्यादा मामले दर्ज किए गए हैं। राज्य में आज कोरोना के 40,925 नए मरीज मिले हैं। 20 लोगों की मौत हुई है, जबकि 14,256 लोग रिकवर हुए हैं। एक्टिव केस बढ़कर 1,41,492 हो गई है। यहां ओमिक्रॉन के भी मामले बढ़कर 876 हो गए हैं। इनमें 435 ठीक हो चुके हैं।

दिल्ली में आज 17,335 नए केस सामने आए हैं। 9 लोगों की मौत हुई है और एक्टिव केस बढ़कर 39,873 हो गया है। दिल्ली में कल के मुकाबले पॉजिटिविटी रेट बढ़कर 17.73त्न हो गई है। शहरों की बात करें तो मुंबई में हालात बिगड़ते जा रहे हैं।

यहां लगातार दूसरे दिन यानी शुक्रवार को भी 20 हजार से ज्यादा संक्रमित मरीज मिले हैं। आज 6 लोगों की मौत हुई है, जबकि 8,490 लोग ठीक हुए हैं।

## सम्पादकीय

# हादसों के कारखाने

**हमारे** देश में औद्योगिक इकाइयों में मशीनों, संवेदनशील पदार्थों की ढुलाई आदि करने वाले वाहनों के संचालन आदि को लेकर इस कदर लापरवाही बरती जाती है कि अक्सर हादसे हो जाते हैं। अभी कुछ दिनों पहले मुजफ्फरपुर के एक कारखाने में बायलर फटने से कई लोग मारे गए। अब गुजरात के सूरत में एक टैंकर से जहरीली गैस का रिसाव होने से छह लोगों की मौत हो गई और करीब बीस लोग गंभीर हालत में अस्पतल में भर्ती कराए गए हैं। घटना बुधवार देर रात की बताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि जहरीली गैस से भरा एक टैंकर नाले के किनारे खड़ा करके उसका चालक कुछ अपशिष्ट बहाने का प्रयास कर रहा था कि गैस का रिसाव हो गया और वहां आसपास के इलाके में सो रहे मजदूर इसके प्रभाव में आ गए। उनमें दम घुटने से छह लोगों की मौत हो गई। अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है कि जिस वाहन में जहरीली गैस भरी हुई थी, उसका चालक या तो अनाड़ी था या फिर जानबूझ कर उसने कोई रासायनिक कचरा चोरी-छिपे बहाने की कोशिश की थी। अगर उसने जानबूझ कर कोई अनुपयोगी हो चुका रासायनिक कचरा निपटाने का प्रयास किया, तो यह न सिर्फ उस चालक, बल्कि उस कारखाना मालिक का भी अपराध है। दरअसल, हमारे यहां औद्योगिक सुरक्षा को लेकर नियम-कायदे इतने ढीले-ढाले हैं कि उनके तहत दोषियों को कठोर सजा नहीं हो पाती। फिर औद्योगिक इकाइयों के मालिक जान-बूझ कर भी औद्योगिक नियमों को ताक पर रखते हैं। बहुत सारे कल-कारखाने सुरक्षा संबंधी नियमों की अनदेखी करते या फिर प्रशासन की मिलीभगत से उन्हें ताक पर रखने का प्रयास करते हैं। उनमें से ज्यादातर का प्रयास होता है कि वे दिहाड़ी और अकुछाल मजदूरों से काम निकालें।

नियमित और प्रशिक्षित कर्मचारी रखने पर चूंकि अधिक वेतन और भत्ते खर्च करने और कानूनी बाध्यताओं का पालन करना पड़ता है, इसलिए भी वे उन्हें रखने से बचते हैं। इसका नतीजा यह होता है कि मशीनों का सही ढंग से रखरखाव और संचालन न होने की वजह से अक्सर बड़े हादसे हो जाते हैं। सूरत में जिस टैंकर से गैस का रिसाव हुआ, उसमें भी यही बात हो सकती है। उसका चालक शायद इस बात से अनजान रहा होगा कि जो कचरा निस्तारण करने की जिम्मेदारी उसे सौंपी गई है, वह कितना खतरनाक हो सकता है। कायदे से अनुपयोगी रसायनों का निस्तारण खुले में नहीं किया जा सकता। उन्हें बिना शोधन के नदियों या नालों में नहीं बहाया जा सकता। इसके लिए भारी जुर्माने का प्रावधान है। मगर कारकाना मालिक इस नियम का पालन करते नहीं देखे जाते। संभव है, जिस टैंकर से जहरीली गैस का रिसाव हुआ, उसमें पुराना पड़ चुका रसायन भरा हो और कारखाना मालिक ने टैंकर चालक को चुपके से उसे नाले में बहाने को कह दिया हो।

ऐसे औद्योगिक रसायनों की प्रतिक्रिया आदि को लेकर तकनीकी जानकारी अक्सर कारखाना मजदूरों या टैंकर आदि के चालकों को नहीं होती और कई बार वे अपना समय बचाने या काम जल्दी खत्म करने की गरज से जहां-तहां उनका निस्तारण करने का प्रयास करते देखे जाते हैं। इस तरह काफी नुकसान की आशंका होती है। सूरत में गैस रिसाव की वजह से हुई मौतों को सामान्य मानवीय चूक नहीं माना जा सकता। इसके मद्देनजर औद्योगिक सुरक्षा संबंधी नियम-कायदों को और कड़ा करने और कारखाना मालिकों की जवाबदेही तय करने की जरूरत है।

# प्रधानमंत्री की सुरक्षा में सेंध का चिंतित करने वाला मामला, संवैधानिक दायित्वों की भी अनदेखी

**पंजाब सरकार का दावा है कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए उसने 10,000 सुरक्षाकर्मी तैनात किए थे, परंतु उपलब्ध साक्ष्य यही इंगित करते हैं कि न केवल मार्ग, बल्कि छतों पर भी ड्यूटी नगण्य थी। सुरक्षा का सारा दारोमदार एसपीजी पर डालने का भी प्रयास हो रहा है। इससे ज्यादा भ्रामक तो कुछ और हो ही नहीं सकता, क्योंकि एसपीजी पर समीप की सुरक्षा का जिम्मा होता है। वह स्थानीय पुलिस से समन्वय बनाकर विशिष्ट व्यक्ति के जीवन पर जोखिम का आकलन कर आवश्यक कार्रवाई करती है। पंजाब के पुलिसकर्मी अपने कर्तव्य की पूर्ति करते नहीं दिखे। खराब हालात का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि कई प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री के काफिले के सात-आठ फीट नजदीक तक पहुंच गए। उन्होंने रास्ता अवरुद्ध कर दिया।**

**पांच** जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पंजाब के बठिंडा, हुसैनीवाला और फिरोजपुर में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम था। इस कार्यक्रम की रूपरेखा भी पहले ही तैयार हो चुकी थी। इसका अर्थ है कि प्रधानमंत्री के दौरे की व्यवस्था कम से कम कागजों पर तो तैयार कर ही दी गई थी। दिल्ली से बठिंडा प्रधानमंत्री वायुयान से पहुंचे। वहां से उन्हें हेलीकाप्टर द्वारा हुसैनीवाला जाना था। फिर उन्हें फिरोजपुर जनसभा में सम्मिलित होना था। इस बीच मौसम की खराबी के कारण फैसला किया गया कि प्रधानमंत्री हेलीकाप्टर के बजाय सड़क मार्ग से जाएंगे। बठिंडा से हुसैनीवाला की दूरी करीब 110 किमी है। इसी दौरान वह अप्रत्याशित घटना घटी, जिसमें लगभग 30 किमी आगे बढ़ने पर प्रधानमंत्री का काफिला एक फ्लाईओवर पर अटक गया। इस अटकाव का कारण वहां बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों का जमावड़ा था। इससे एक बड़ा जोखिम उत्पन्न हो गया। चिंतित करने वाला एक पहलू यह था कि उक्त स्थान पाकिस्तान सीमा से 15-20 किलोमीटर दूर है।

यह भी सर्वविदित है कि पाकिस्तान से ड्रोन के माध्यम से विस्फोटक और अन्य सामग्री यहां भेजी जाती रही है। कदाचित यही कारण था कि प्रधानमंत्री जब बठिंडा वापस आए तो उन्होंने एयरपोर्ट पर अधिकारियों से यह कहा कि अपने मुख्यमंत्री को धन्यवाद कहिएगा कि मैं यहां तक जीवित लौट सका। प्रधानमंत्री की सुरक्षा में सेंध से ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक घटना हो ही नहीं सकती, लेकिन इस पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जोरों पर है और गैर-जिम्मेदाराना बयानों की भरमार है। पंजाब सरकार द्वारा अपने बचाव में यह तक कहा जा रहा कि वीआइपी की सकुछाल यात्र सुनिश्चित कराने का दायित्व एसपीजी का था। इससे अधिक अनर्गल आरोप संभव नहीं है। ऐसे आरोप लगाने वाले पहले एसपीजी एक्ट, 1988 और एसपीजी एक्ट (संशोधन), 2019 का अध्ययन कर लें तो चीजें स्पष्ट हो जाएंगी। यह भी कहा गया कि हेलीकाप्टर से न जाकर सड़क मार्ग से जाने का निर्णय अचानक से लिया गया।

ऐसे निर्णय अचानक ही लिए जाते हैं। बेहतर होता कि इस संबंध में पुलिस महानिदेशक मुख्यालय द्वारा जो परिपत्र निर्गत किए गए थे, उनका अनुपालन सुनिश्चित किया जाता। वैकल्पिक मार्ग, जो पहले से ही सुनिश्चित था, पर प्रभावी पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए थी। वे जो तथाकथित 10,000 पुलिसकर्मी तैनात थे, उनके बारे में आडिट होना चाहिए कि वे कहां पर तैनात थे और उनका मार्गदर्शन कौन कर रहा था? वे जिस भाव-भंगिमा में दिखाई पड़े और बेपरवाह तरीके से प्रदर्शनकारियों के साथ चाय पीते दिखे, वह कतई अस्वीकार्य है। पंजाब पुलिस देश की मानी हुई पुलिस है। उसकी प्रतिष्ठा है, पर अपरिपक्व मार्गदर्शन और नेतृत्व में जो घटना घटित हुई, वह निंदनीय होने के साथ-साथ दंडनीय भी है। यह समझ से परे है कि राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक प्रधानमंत्री की अगवानी में क्यों नहीं गए? ऐसा व्यवहार अप्रत्याशित और असामान्य है। यह प्रकट हो रहा है कि प्रदर्शनकारियों को



वैकल्पिक मार्ग का पता चल गया था और इसी कारण उन्होंने पीएम के काफिले को अवरुद्ध किया। प्रधानमंत्री के काफिले की सुरक्षा की जिम्मेदारी एसपीजी और बीएसएफ पर डालने की बात भी अनुचित है। विशिष्ट व्यक्ति की सुरक्षा में बीएसएफ का कोई योगदान नहीं होता। एसपीजी की भूमिका एसपीजी एक्ट और ब्लू बुक के अंतर्गत आती है। एडवांस सिक्योरिटी संबंधी बैठकों में यह पहले ही स्पष्ट हो जाता है कि किसकी क्या भूमिका और उत्तरदायित्व रहने वाला है? अपनी जिम्मेदारियों से भागना और दोषारोपण करने से दुर्भाग्यपूर्ण और कुछ नहीं।

मैंने अपने 36 साल के सेवाकाल में अनेक विशिष्ट व्यक्तियों का आगमन सुनिश्चित कराया है, लेकिन ऐसी दुर्व्यवस्था कभी नहीं देखी। उन 15-20 मिनटों में प्रधानमंत्री के साथ किसी भी प्रकार की दुर्घटना हो सकती थी। यह समझा जाना चाहिए कि इस प्रकरण से देश के संवैधानिक ताने-बाने को भी क्षति पहुंची है। राज्य सरकार द्वारा अपने संवैधानिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करने के बजाय उलटे आरोप लगाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ का यह मामला सर्वोच्च न्यायालय की देहरी तक भी पहुंच गया है। इतने गंभीर प्रकरण की जांच या तो सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हो या फिर सीबीआइ यह जांच करे। यह घटना स्वस्थ संकेत नहीं। केंद्र सरकार को एक श्वेत पत्र निर्गत करना चाहिए कि कहां किस प्रकार की त्रुटियां हुईं? उसमें जवाबदेही भी तय की जाए। इसके साथ ही जो दोषी हैं उनके विरुद्ध कार्रवाई भी सुनिश्चित करनी होगी। हम एक लोकतंत्र हैं और संवैधानिक उत्तरदायित्वों से बंधे हुए हैं। स्वस्थ राजनीति में प्रतिद्वंद्विता होती ही है और राजनीतिक मतभेद भी, परंतु उनके चलते कर्तव्य की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। राजनीतिक महत्वाकांक्षा इतनी बेलगाम न हो कि वह संवैधानिक उत्तरदायित्व से ही विमुख कर दे। प्रधानमंत्री की सुरक्षा से जो खिलवाड़ हुआ वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस पर गंभीर मंथन होना चाहिए कि जो हुआ, क्या वह होना चाहिए था और यदि नहीं तो इसकी पुनरावृत्ति रोकने के लिए क्या किया जाए? यह इसलिए आवश्यक है, क्योंकि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति किसी राज्य, किसी दल की नहीं, बल्कि देश का अहित करेगी।

## आज का राशिफल

### मेष
रुका हुआ धन प्राप्त होगा। प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोनुकूल रहेगी। कारोबार से संतुष्टि रहेगी। बुद्धि का प्रयोग करें। प्रमाद न करें। निवेश से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव क्षेत्र बढ़ेगा। व्यापार-व्यवसाय में उत्साह से काम कर पाएंगे।

### वृषभ
कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। आय बनी रहेगी। नौकरी में कार्यभार रहेगा। थकान महसूस होगी। सहकर्मी सहयोग नहीं करेंगे। चिंता रहेगी। आंखों का विशेष ध्यान रखें।

### मिथुन
व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। रोजगार मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट मनोनुकूल लाभ देगा। बुद्धि का प्रयोग करें। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण बनेगा। भाग्य का साथ मिलेगा।

### कर्क
शुभ समाचार प्राप्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। बिछड़े मित्र व संबंधी मिलेंगे। विरोधी सक्रिय रहेंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। नौकरी में सहकर्मी सहयोग करेंगे। जल्दबाजी व लापरवाही से हानि होगी।

### सिंह
आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कर्ज समय पर चुका पाएंगे। स्थायी संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। मनपसंद रोजगार मिलेगा। बैंक-बैलेंस बढ़ेगा। नौकरी में चैन रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं।

### कन्या
दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। लेन-देन में सावधानी रखें। लाभ होगा। किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठा पाएंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे।

### तुला
वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। व्यापार में वृद्धि होगी। स्त्री वर्ग से समयानुकूल सहायता प्राप्त होगी। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी में शब्दों का प्रयोग सोच-समझकर करें।

### वृश्चिक
वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होने से प्रसन्नता रहेगी। निवेश से लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेंगे। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। बनते कामों में बाधा उत्पन्न होगी।

### धनु
बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। दौड़धूप की अधिकता का स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ेगा। थकान व कमजोरी रह सकती है। वाणी में कड़े शब्दों के इस्तेमाल से बचें। दूसरों की बातों में नहीं आएं। आय में निश्चितता रहेगी। शत्रु शांत रहेंगे।

### मकर
आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें।

### कुंभ
घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। विरोध होगा। आर्थिक नीति में परिवर्तन होगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। तत्काल लाभ नहीं होगा। बिगड़े काम बनेंगे। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी।

### मीन
सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेश लाभ देगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जल्दबाजी से हानि संभव है।

## खेल समाचार

# तीसरे टेस्ट में हो सकती है विराट वापसी

## कोच द्रविड़ ने कहा- कप्तान फिट नजर आ रहे हैं




विराट कोहली

जोहान्सबर्ग।

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच खेले गए दूसरे टेस्ट में टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली चोट के कारण बाहर हो गए थे। टीम की कमान केएल राहुल के हाथ में थी और दूसरे टेस्ट में टीम इंडिया को 7 विकेट से करारी हार झेलनी पड़ी। अब दोनों टीमों के बीच सीरीज 1-1 से बराबरी पर आ खड़ी है। हार के बाद टीम इंडिया के कोच राहुल द्रविड़ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे। इस दौरान उनसे विराट कोहली को लेकर सवाल किए गए। द्रविड़ ने इस दौरान कोहली की इंजरी और उनकी फिटनेस पर अपडेट दी है। उन्होंने कहा, कोहली जिस तरह से नेट्स पर अभ्यास कर रहे हैं वो फिट नजर आ रहे हैं। हालांकि अभी तक उन्होंने फिजियो से इस पर चर्चा नहीं की है, लेकिन जो कुछ सुन रहे हैं और उनके साथ बातचीत करने से लग रहा है उससे यही जान पड़ता है कि भारतीय टेस्ट कप्तान फिट हैं।

**पीठ में अकड़न की वजह से नहीं खेला जोहान्सबर्ग टेस्ट :** दूसरे टेस्ट में विराट कोहली पीठ में अकड़न की वजह मुकाबला नहीं खेल सके। टॉस से कुछ ही मिनट पहले इस मैच से विराट के बाहर होने की खबर सामने आई थी। उनकी जगह राहुल टॉस के लिए आए। राहुल ने बताया कि कोहली



पीठ के ऊपरी हिस्से में अकड़न के कारण इस टेस्ट से बाहर हो गए हैं। द्रविड़ के इस बयान से साफ पता चलता है कि विराट कोहली केपटाउन में खेले जाने वाले सीरीज के तीसरे और आखिरी टेस्ट में वापसी कर सकते हैं।

### जोहान्सबर्ग में भारत की पहली हार

जोहान्सबर्ग के वांडरर्स स्टेडियम में भारतीय टीम की 29 सालों में ये पहली हार थी। टीम इंडिया ने इस मैदान पर पहला टेस्ट साल 1992 में खेला था। वो मैच ड्रॉ रहा था। इस मुकाबले से पहले भारत ने यहां खेले 5 टेस्ट मैचों में से दो में जीत हासिल की थी, जबकि 3 मुकाबले ड्रॉ हुए थे। 29 साल में साउथ अफ्रीका की टीम कभी भी भारतीय टीम को मात नहीं दे पाई है, लेकिन गुरुवार को ये सिलसिला भी टूट गया। अनफिट विराट कोहली की गैरमौजूदगी में केएल राहुल ने पहली बार कप्तानी की और इस मुकाबले में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। राहुल द्रविड़ का बतौर कोच ये पहली हार थी। कोहली के टीम में ना होने से गेंदबाज में जोश की कमी साफ नजर आ रही थी। वहीं, राहुल की कप्तानी में भी कोई धार नजर नहीं आई। तीसरे टेस्ट में अगर कोहली वापसी करते हैं तो टीम इंडिया ये टेस्ट मैच जीतकर पहली बार अफ्रीकी धरती पर टेस्ट सीरीज अपने नाम करना चाहेगी।

## कभी-कभी हम सीनियर खिलाड़ियों के प्रति काफी सख्त हो जाते हैं, पुजारा-रहाणे भरोसे पर खरे उतरे : गावस्कर

**जोहानिसबर्ग।** महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर को लगता है कि चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे उस भरोसे पर खरे उतरे जो उन पर दिखाया गया था और साथ ही उन्होंने कहा कि युवा प्रतिभाओं से उत्साहित हो जाना आसान होता है लेकिन टीम को अपने सीनियर खिलाड़ियों पर तब तक भरोसा दिखाना जारी रखना चाहिए जब तक वे 'खराब तरीके से आउट नहीं होने लगें'। लगातार खराब प्रदर्शन के बाद आलोचनाओं से घिरे पुजारा और रहाणे ने बल्ले से अच्छा खेल दिखाया और साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भारत की दूसरी पारी में अर्धशतक बनाए। गावस्कर ने 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा, 'वे अनुभवी हैं और उन्होंने टीम के लिए बीते समय में जो कुछ किया है, उससे टीम ने उनका समर्थन किया। उन्हें खुद पर भरोसा था कि वे अच्छा करेंगे और उन्होंने ऐसा किया भी।' उन्होंने कहा, 'कभी कभार हम अपने सीनियर खिलाड़ियों के प्रति थोड़ा सख्त हो सकते हैं क्योंकि आपके पास रोमांचक युवा खिलाड़ी इंतजार कर रहे होते हैं और हम सभी उन्हें थोड़ा खेलते हुए देखना चाहते हैं।' गावस्कर ने कहा, 'लेकिन जब तक ये सीनियर खिलाड़ी अच्छा खेल रहे हैं और बुरी तरह से आउट नहीं हो रहे, तो मुझे लगता है कि हमें उन पर भरोसा दिखाना चाहिए।'

## टी-20 क्रिकेट में लागू हुए नए नियम : धीमी ओवर गति पर मिलेगी सजा, अब फटाफट क्रिकेट में भी होंगे ड्रिंक्स ब्रेक

नई दिल्ली।

आईसीसी ने इंटरनेशनल टी-20 मैचों के लिए नए नियम बनाए हैं। अब धीमी ओवर रेट पर पेनल्टी का नियम लागू कर दिया गया है। अब टी-20 मैच के दौरान ड्रिंक्स भी लिया जा सकता है। जनवरी 2022 से यह नियम लागू हो रहे हैं। नए नियमों के अनुसार अगर कोई टीम ओवर रेट में तय समय से पीछे होगी, तो बाकी के बचे हुए ओवर्स में एक फील्डर 30 गज के दायरे से बाहर खड़ा नहीं हो पाएगा। उसे 30 गज के दायरे में खड़ा होना होगा। अभी तक स्लो ओवर रेट रहने पर केवल जुर्माना लगता था और दोषी टीम के खिलाड़ियों के पैसे काटे जाते थे। साथ ही टीम के कप्तान को डिमेरिट पॉइंट भी मिलता था। नया नियम आने के बाद भी पुरानी सजाएं बनी रहेंगी। इन नियमों के आने के बाद पहला इंटरनेशनल टी20 मुकाबला वेस्टइंडीज और आयरलैंड के बीच 16 जनवरी को जमैका के सबाइना पार्क में खेला जाएगा। वहीं, महिला क्रिकेट में साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बीच 18 जनवरी को इन नियमों के तहत पहला मैच होगा। आईसीसी ने टी-20 मुकाबलों के दौरान पारी के बीच में ड्रिंक्स इंटरवल को भी अनुमति दी है। यह इंटरवल ऑप्शनल रहेगा। यानी कोई टीम चाहे तो ले सकती है। यह ब्रेक ढाई मिनट का रहेगा। अभी यह ड्रिंक्स ब्रेक की शुरुआत द्विपक्षीय सीरीज के साथ होगी। इसके लिए दोनों टीमों को सीरीज शुरू होने से पहले आपस में सहमत होना होगा।

### सामने आया आईसीसी का बयान

आईसीसी की ओर से जारी बयान में कहा गया, ओवर रेट के नियम पहले से तय हैं। इनके तहत फील्डिंग करने वाली टीम तय समय में आखिरी ओवर की पहली गेंद फेंकने की स्थिति में होनी चाहिए।

यदि वे ऐसा नहीं कर पाते हैं तो अब बचे हुए ओवर्स में 30 गज से बाहर उनका एक फील्डर कम रहेगा। यह बदलाव आईसीसी क्रिकेट कमिटी की सिफारिश पर लागू किए गए हैं। उन्होंने इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड की ओर से आयोजित दी हंड्रेड टूर्नामेंट में इस तरह का नियम देखने के बाद विचार किया। ऐसा सभी फॉर्मेट में खेल की रफ्तार को सुधारने के लिए किया गया है।

# गेनाणा पूर्व सरपंच पर टांका निर्माण की राशि हड़पने का आरोप

- पीड़ित पक्ष को विश्वास में लेकर बनवाये टांकों का नहीं किया भुगतान
- पीड़ित ने स्थानीय प्रशासन व कलेक्टर से की शिकायत

अबू बकर बल्खी

**लाडनूं( नागौर डेली न्यूज़ ) :** ग्राम पंचायत गेनाणा के पूर्व सरपंच रामदेवराम ईशरावा व सहायक ग्राम सेवक पर नरेगा योजना के तहत 4 निजी टांका निर्माण कार्यों एवं मेडबंदी की राशि का भुगतान उठाकर हड़पने का पीड़ितों ने आरोप लगाया है मामले की शिकायत करते हुए पीड़ित हरजीराम पुत्र पूसाराम जाति जाट निवासी सिकराली ने पंचायत समिति विकास अधिकारी को शिकायत कर बताया कि वर्ष 2016-17 में उसके नाम से मनरेगा योजना के तहत निजी टांका निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ था जिसकी कुल राशि 1 लाख 77 हजार 564 रुपये स्वीकृत हुई थी तथा मेडबंदी करवाने के 1 लाख रुपये उसके नाम से स्वीकृत हुए उस समय के सरपंच रामदेवराम ईशरावां निवासी मालगांव तथा एलडीसी जेताराम निवासी खंगार ने उनको विश्ववास में लेकर अपने निजी स्तर पर यह निर्माण कार्य पूर्ण करवाने की बात कही व सरकार द्वारा राशि मिलने पर उन्हें इसका भुगतान लौटाने का आश्वासन भी दिया। पीड़ित पक्ष ने निर्माण सामग्री उधार लेकर कार्य संपन्न करवा लिया इसके बाद उन्होंने सरपंच से रुपयों की मांग की तो उसने राशि लौटाने से साफ इनकार कर दिया जबकि योजना की राशि मनीषा कंस्ट्रक्शन निम्बीजोधा रामूराम के खाते में आ चुकी व ठेकेदार ने सरपंच को इसका भुगतान भी कर दिया मगर अब सरपंच पीड़ित पक्ष को पैसे देने से इंकार कर रहा है। इसी प्रकार इंदिरा देवी पत्नी राजूराम,जमना देवी पत्नी हरिराम ,व चेनादेवी पत्नी प्रकाश जाट निवासी सिकराली ने पंचायत समिति विकास अधिकारी राजेश्वरी यादव को शिकायत कर बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत वर्ष 2019 में उनके टांका निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ जिस पर पूर्व सरपंच रामदेवराम ईशरवा व जेताराम एलडीसी ने उन्हें अपने स्तर पर टांको का निर्माण कार्य संपन्न करवाने व बाद में पेमेंट लौटाने की बात कही इसके बाद उन्होंने उनके विश्वास में आकर अपने निजी खर्च से टांकों का निर्माण करवा लिया व स्वीकृत राशि सरपंच के बैंक खाते में आने के बावजूद भी पिछले डेढ़ सालों से पीड़ित पक्ष को बार बार टरकाया जा रहा है। इस बारे में टांका निर्माण कार्य की फर्म ठेकेदार से बात करने पर उन्होंने बताया कि उनके खाते में राशि सरकार द्वारा भुगतान कर दी गई वह राशि उसने पूर्व सरपंच को भुगतान किये हुए भी काफी अरसा हो गया मगर पूर्व सरपंच द्वारा पीड़ित पक्षो को राशि नहीं लौटाई जा रही है जब इस बारे में पूर्व सरपंच रामदेवराम से बात की गई तो उन्होंने अपना रसूख दिखाते हुए कहा की वह शिकायत पक्ष को अपने आप निपटा लेंगे शिकायत करने से कुछ नहीं बंटने वाला वंही एलडीसी जेताराम का कहना है कि राशि के बिल संबंधित फर्म को सरपंच व ग्राम सेवक के हस्ताक्षर से भुगतान की गई है उसमें उसका कोई लेना-देना नहीं है पीड़ित पक्ष का कहना है कि इस बारे में उन्होंने सरपँच को अनेकों बार कहा मगर उसने फोन उठाने बन्द कर दिए व प्रशासन गांवो के संग अभियान में लाडनू प्रशासन को अवगत करवाया इसके बाद जिला कलेक्टर नागौर तक शिकायत भेजी मगर पुर्व सरपंच के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

### इनका कहना है

शिकायत कर्ता ने समस्या बताई थी जिसके अनुसार मौके पर जाकर निर्माण कार्य देखते हुए पीड़ित व आरोपी पक्ष के गवाहों के बयान को आधार मानते हुए इस मामले को निपटाया जाएगा।

**राजेंश कुमार शर्मा, सहायक अभियंता मनरेगा पंचायत समिति लाडनूँ।**

इस मामले में नियमानुसार एजेंसी के बिल पर फर्म को भुगतान कर दिया गया है अब पूर्व सरपंच व पीड़ित पक्ष के आपसी विवाद का मौके पर जाकर निस्तारण करवाया जाएगा।

**जावेद फारूकी जे.टी.ए पंचायत समिति लाडनूँ।**

# धवल सेना संग अहिंसा यात्रा प्रणेता ने नागौर जिले में किया मंगल प्रवेश

- पूज्यप्रवर ने सोलह किलोमीटर का किया प्रलम्ब विहार
- गोविन्दी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पूज्यचरणों से हुआ पावन

हितेश रारा जैन

**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** राजस्थान की राजधानी गुलाबी नगरी जयपुर शहर को ही नहीं अपितु जयपुर जिले के अनेकानेक गांवों को अपने ज्योतिचरणों से पावन बनाने वाले तथा अपने मंगल प्रवचन से जन-जन के मानस को अभिसिंचन प्रदान करने वाले जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ के ग्यारहवें अनुशास्ता, भगवान महावीर के प्रतिनिधि, अहिंसा यात्रा के प्रणेता आचार्य श्री महाश्रमण जी ने शुक्रवार को जयपुर जिले की सीमा को अतिक्रान्त कर राजस्थान के नागौर जिले में मंगल प्रवेश किया तो नागौर की धरती पूज्यचरणों का स्पर्श पाकर पुलकित हो उठी।

शुक्रवार को सुबह खतवाड़ी कला से आचार्यश्री ने अगले गंतव्य की ओर विहार किया। स्थानीय ग्रामीणों ने आचार्यश्री के दर्शन कर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। सूर्य के नहीं उगने से ठंड अपना रंग दिखा रही थी। लोग गर्म कपड़ों से लदे दिखाई दे रहे थे, किन्तु समता के साधक आचार्यश्री अपनी धवल सेना संग गतिमान हो चुके थे।

मार्ग के आसपास के गांवों के लोगों को आचार्य श्री के दर्शन का लाभ भी प्राप्त हो रहा था। विहार के दौरान आचार्यश्री ने जयपुर जिले से राजस्थान के नागौर जिले में मंगल प्रवेश किया तो मानों नागौर की धरती भी पूज्यचरणों का स्पर्श पाकर पुलकित हो उठी।

अहिंसा यात्रा प्रणेता आचार्यश्री महाश्रमणजी लगभग साढे सोलह किलोमीटर का प्रलम्ब विहार कर नागौर जिले के नावा



उपखंड में स्थित गोविन्दी गांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में पधारे तो विद्यालय के प्रधानाध्यापक कन्हैयालाल जांगिड़, मारोठ सरपंच सारिका बाबेल, भवरलाल बाबेल, हितेश जैन, गजेन्द्रसिंह ऑडिट, अंजना शर्मा, शांतिलाल जैन ,ज्ञानाराम गुर्जर, राजेश गुर्जर, वीरेंद्र बाबेल,माधव धूत,चांदमल शर्मा, ईओ नगरपालिका नावां, प्रकाश योगी, गोपाल गांधी, प्रतापसिंह लूणवा, सादुलसिंह, विद्यालय शिक्षक, विद्यार्थियों सहित कई जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों ने आचार्यश्री का भावपूर्ण स्वागत किया।

# गौवंश के रोम-रोम में देवी-देवताओं का वास

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** गोवंश की महिमा अपरंपार है। मनुष्य अगर जीवन में गोवंश को स्थान देने का संकल्प कर ले तो वह महा संकट से बच सकता है। राष्ट्रीय हिन्दू युवा वाहिनी नागौर जिला सरंक्षक मुन्नालाल काछवाल ने जानकारी देते हुए बताया की राष्ट्रीय हिन्दू युवा वाहिनी के तत्वावधान में हर वर्ष गौ अन्नकूट किया जाता है। गुरुवार को सुदामा कुटिया कल्याण मण्डप के पास बेसहारा गोवंश के लिये लापसी बनाई गई।



अकल्पनीय गौ अन्नकूट महोत्सव के अवसर पर कहा कि मनुष्य को चाहिए कि वह गाय को मंदिरों और घरों में स्थान दें क्योंकि गौ वंश मोक्ष दिलाती है पुराणों में भी इसका उल्लेख है। गाय की पूंछ छूने मात्र से मुक्ति का मार्ग खुल जाता है। गोवंश की महिमा को शब्दों में नहीं बांधा जा सकता। इस दौरान तहसील अध्यक्ष जेपी कचोलिया, उपाध्यक्ष मुकेश भारती, महामंत्री मूलचन्द सोनी ने बताया कि कुचामनसिटी में राष्ट्रीय हिंदू युवा वाहिनी के तत्वावधान में गौ भक्तों एवं धर्म प्रेमियों के सहयोग से प्रत्येक रविवार को गौ अन्नकूट महोत्सव के तहत बेसहारा गायों के लिए लापसी बना कर खिलाने का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर शम्भूदयाल बालोदिया, श्रीराम, कमलेश किरोड़ीवाल, मनोज, गजेन्द्र बिजारणियां, मुकेश मिरण्डीया, पवन सोनी शिव, परमेश्वर स्वामी, मुकेश सोनी भिचावाँ सहित वाहिनी के कार्यकर्ता एवमं गौ सेवको का सहयोग रहा।

# कर्मों का फल तो सबको ही मिलता है : सारस्वत

### सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का हुआ समापन



मेड़तासिटी(नागौर डेली न्यूज) :

नगर के किसान छात्रावास के पास सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुक्रवार को समापन हुआ। कथा वाचक अभिषेक कृष्ण सारस्वत महाराज ने कहा कि मनुष्य को अपने कर्मों का फल भोगना ही पड़ता है। कर्मों के आधार पर ही मनुष्य की महानता निर्धारित होती है।

कथा आयोजक मंडल गणपत लाल सारस्वत, सीताराम सारस्वत, राजेंद्र, धर्मचंद नागोरिया, परिवार के सानिध्य में आयोजित इस कथा में कथावाचक अभिषेक के कृष्ण सारस्वत तथा प्रीतम बृजवासी, कपिल शर्मा, योगेंद्र शर्मा, की जुगलबंदी में शानदार आयोजन हुआ समापन मौके पर राधा कृष्ण की झांकी सजाई गई वहीं मुकेश गिरपड़े सुदामा की झांकी में सब को अपनी और आकर्षित कर रहे थे। शनिवार को यज्ञ आहुतियों के साथ पूर्णाहुति होगी।

इस मौके पर गोविंद सारस्वत, साध्वी इंदु कृष्णा, द्वारका प्रसाद जाजू, पुष्पा सारस्वत, कंचन सारस्वत, पारा देवी, सीता देवी, शारदा देवी, बिल्ला देवी, सुमन देवी सहित अनेक श्रोता मौजूद रहे।

# मकराना में कोरोना ब्लास्ट, एक ही दिन में 13 नए मामले आए सामने

मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज ) :** नागौर जिले में कोरोना का ग्राफ बढ़ने लगा है। शुक्रवार को मकराना शहर में एक साथ 13 पॉजिटिव मामले आने से हड़कम्प मच गया। आपको बता दें कि मकराना शहरी क्षेत्र में कोरोना के 12 नए मामले सामने आए हैं, जबकि एक मामला ग्राम बुडसू में सामने आया है। जिसके बाद मकराना शहर में उपखंड अधिकारी जेपी बेरवा के सानिध्य में पुलिस व प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला है।

इस फ्लैग मार्च में मकराना पुलिस उप अधीक्षक रविराज सिंह, थानाधिकारी रोशन लाल, नायब तहसीलदार गजेंद्र सिंह, नगर परिषद के स्वास्थ्य निरीक्षक देवेंद्र सिंह राठौड़ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों सहित पुलिस कर्मी मौजूद थे। फ्लैग मार्च मकराना पुलिस थाना से रवाना हुआ जिसमें सभी अधिकारी व पुलिसकर्मी पैदल मार्च करते हुए बस स्टैंड, बाईपास तिराहा, गौडाबास, इमाम चौक, जय शिव चौक, रेलवे स्टेशन सहित विभिन्न मार्गो से निकाला गया।

# बार अध्यक्ष रॉयल का कोर्ट परिसर में किया स्वागत

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** गुरूवार को डेगाना बार एशोसियन के हुये चुनावों मे नव निर्वाचित अध्यक्ष जीयाराम रायल का कोर्ट परिसर में कार्मिकों ने माला पहना कर स्वागत किया। अधिवक्ता सुशील जुजाडिया ने बताया कि इस दौरान बार संघ डेगाना के अध्यक्ष जीयाराम रायल के साथ उपाध्यक्ष बने भंवरसिंह जोधा सहित एशोसिएशन के सभी पदाधिकारियों का अभिनदंन किया। इस दौरान डेगाना कोर्ट के रीडर, लिपिक सहित पूरे स्टॉफ ने स्वागत किया, जिसमें अधिवक्ता भी मौजूद रहे।

# बांठड़ी विद्यालय की 17 बालिकाओं को वितरित की साइकिलें

अली शेर खान



**शेरानी आबाद( नागौर डेली न्यूज ) :** निकटवर्ती बांठड़ी गांव के राजकीय माध्यमिक विद्यालय बांठड़ी मे समारोह पूर्वक साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रेमाराम सीमार भामाशाह व प्रधान प्रतिनिधि डीडवाना और भंवर लाल कस्वां भामाशाह बांठड़ी की उपस्थिति में सत्र 2019-20 की 8 छात्राओं व 2021-22 की 9 छात्राओं को राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई गई साईकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रधान गंगाधर ने बताया कि सरकार कक्षा 9 में अध्ययन करने वाली सभी छात्राओं को साइकिल उपलब्ध करवाती है।

# बालिका शिक्षा को मिला एक नया आयाम-जसवंत सिंह

### थाटा के राउमावि में प्रधान ने बालिकाओं को वितरित की 22 साइकिलें

राहुल वैष्णव

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** शुक्रवार को ग्राम थाटा के राउमावि में प्रधान जसवंत सिंह ने बालिकाओं को 22 साइकिलों का वितरण किया। इस मौके पर प्रधान जसवंत सिंह ने कहा कि इस योजना से बालिका शिक्षा को बढ़ावा मिला है। दूर-दराज से स्कूल तक पहुंचने में जो अधिक वक्त लगता था उसकी बचत हुई। बालिकाओं की पढ़ाई में रुचि भी बढ़ी है। बालिका शिक्षा को एक आयाम मिला है। गरीब तबके के अध्ययनरत छात्राओं के प्रति अच्छी सोच है। बालिकाएं पढ़ाई पर ध्यान दें साथ ही स्वच्छता के प्रति भी सजग रहें और साफ-सफाई के प्रति दूसरों को भी प्रेरित करें। यह मुहिम बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को सार्थक करती है। मौजूदा वक्त नारी स्वतंत्रता का युग है। नारी-पुरुष के कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। शिक्षा, व्यापार, उद्योग, किसी नौकरी सभी में कदम से कदम मिलाकर चल रही है। देश को सशक्त बनाने में आज की बालिका बेहद कारगर साबित होगी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य उमेदसिंह, उगमाराम,शिवजीराम ढाका, ओमप्रकाश,भंवरलाल ग्वाला, रामदीन ढाका,जयसिंह राठौड़, छोटूराम, निलेश, तुलसाराम सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# साधारण सभा की बैठक में छाये रहे सफाई व्यवस्था के मुद्दे

### चैयरमेन अटवाल ने ठेकेदार को मौके पर बुलाकर दिये निर्देश

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** शुक्रवार को पालिका अध्यक्ष मदनलाल अटवाल की अध्यक्षता में डेगाना नगरपालिका की साधारण सभा की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मौजूद पार्षदों ने शहर की बिगडी सफाई व्यवस्था को लेकर गहरी नाराजगी प्रकट की ओर इसे सुधारने की तथा सफाई की व्यवस्था को तुरंत प्रभाव से सुचारू करने की मांग की। इसके अलावा बैठक मे अनवर भाटी सहित पार्षदों ने बताया की जलदाय विभाग के द्वारा शहर की प्रत्येक गली मौहल्ले में खोदी हुई पाईप लाइन जगह-जगह लिकेज पड़ी है, जिससे शहर की सड़कों को नुकसान हो रहा है। इसके अलावा जगह-जगह खड्डे कर दिये ओर मरम्मत क नाम पर हो रही लीपापोती करने आरोप लगाया। भाटी ने कहा की अगर शहर की सड़को को जल्द ही अपने मूल स्वरूप में नहीं लौटाया तो शहर की जनता को आन्दोलन पर उतरना पड़ेगा। पार्षद द्वारका प्रसाद हेडा, अंजू शेखावत, सीताराम कटारिया, प्रतिपक्ष नेता रामचन्द्र डुडी, नोरतराम झगड़वास सहित सभी पार्षद गणों ने ठेकेदार द्वारा मीठे पानी की पाइप लाइन डाल कर जहां-जहां पर रोड मरमत का कार्य किया गया है उस रोड की जांच कर के घटिया तरीके से बनाई हुई सड़कों को पर ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही की जाये ओर उच्च गुणवत्ता से सड़कों का निर्माण किया जाये। इस पर एईएन दिलीप लांबा ने फरवरी माह के अंत तक डेगाना की सभी सड़को को सही कर देने की बात कही।





### ये रहे मौजूद

इस दौरान पालिका चेयरमेन मदनलाल अटवाल, उप चेयरमैन हारून रशीद खान, ईओ प्रकाश डूडी, पार्षद गिरधारी मुंडेल, प्रकाश कुंकणा, रफीकखां, द्वारक प्रसाद हैडा, अनवर भाटी, चौथी देवी, अंजु शेखावत, मनोज चौयल, जेईएन मोहित व्यास, राजस्व अधिकारी जितेन्द्र चौधरी सहित जन प्रतिनिधि गण मौजूद रहे व शहर के विकास पर चर्चा की। सफाई व्यवस्था को लेकर नाराज पार्षदों की मांग पर चैयरमेन अटवाल ने मौके पर ही सफाई ठेकेदार को बुलवाकर पार्षदों के अनुरूप उनके वार्डो मे उचित सफाई वयवस्था करवाने के आदेश दिये।

# नागौर प्रवेश पर आचार्य महाश्रमण का किया अभिनंदन

अबू बकर बल्खी



**लाडनूं( नागौर डेली न्यूज़ ) :** राज्य अतिथि के रूप में 15 दिनों के प्रवास पर लाडनूँ पधार रहे आचार्य महाश्रमण का अपनी धवल सेना के साथ नागौर जिले की सीमा में प्रवेश करने पर अणुव्रत समिति लाडनूं द्वारा उनका भाव भरा अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। समिति अध्यक्ष शांतिलाल बैद ने बताया कि इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गजेंद्र सिंह निवासी लाडनूं जिला उपाध्यक्ष अंजना शर्मा, आलोक कोठारी आदि की मौजूदगी में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोविंदी में दैनिक व्याख्यान के बाद समिति के सदस्यों ने गुरुवर की सेवा उपासना का लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष बैद द्वारा संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मंगलपुरा में नवनिर्मित जल मंदिर के लोकार्पण समारोह में पावन सानिध्य के लिए निवेदन किया व अणुव्रत संकल्प पत्र व जिले में प्रार्थना सभा में जीवन विज्ञान की गतिविधियां बढ़ाने की रूपरेखा से भी अवगत कराया समिति की गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ाते रहने की प्रेरणा देते हुए आचार्य महाश्रमण ने समिति के सदस्यों को आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर तेरापंथ महिला मंडल लाडनू की सह मंत्री कंचन चौरड़िया, कन्या मंडल प्रभारी मधु भंसाली, सदस्य ओम प्रकाश,राजकुमार सांखला,आलोक कोठारी, सपना भंसाली, कमला चौरसिया ,अनीता आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# मेड़ता रोड पीएचसी में समय पर नहीं पहुंचते डॉक्टर

## मरीजों को करना पड़ता है इंतजार



एजाज़ अहमद उस्मानी

**मेड़ता रोड( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़तारोड के पीएससी में डॉक्टरों के समय पर नहीं पहुंचने के कारण यहां के निवासियों को देर तक इंतजार करना पड़ रहा है, जिसके कारण मरीज परेशान होते नजर आ रहे हैं। जबकि पीएचसी का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक का है लेकिन यहां पर डॉक्टर 11 बजे तक ओपीडी में नहीं पहुंचते हैं, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। नागौर डेली संवाददाता एजाज अहमद उस्मानी ने सुबह 9.30 बजे जब मेड़ता रोड पीएचसी का दौरा किया तो वहां पर डॉक्टर तो दूर की बात है पीएचसी का एक भी कर्मचारी मौजूद नहीं था। यहां तक की रिसेप्शन में मरीजों की पर्ची काटने वाले भी कर्मचारी नजर नहीं आए। जबकि इस समय सर्दी जुकाम और बुखार के मरीजों की भीड़ चिकित्सालय में देखने को मिल रही है इसके बावजूद वह डॉक्टर जिनको भगवान का रूप माना जाता है वहीं समय पर ओपीडी में नहीं पहुंचते हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना का काउंटर खुला था लेकिन वहां पर भी कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था।

### हमेशा से चलता आ रहा है लेट-लतीफी का सिलसिला

हमारे संवाददाता को चिकित्सालय में मरीजों ने लंबे इंतजार के बाद फोन पर सूचना दी, जिसके बाद हमारे संवाददाता ने मेड़ता रोड पीएचसी का दौरा किया तथा वहां पर पीएचसी के किसी भी कर्मचारी को मौजूद नहीं पाया। यहां पर मौजूद मरीजों ने बताया कि ऐसा आज पहली बार नहीं हो रहा है हमेशा यहां पर 11 बजे पहले कोई भी पीएचसी के कर्मचारी मौजूद नहीं रहते हैं, जिससे इनकी लेटलतीफी का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

# बकाया वसूली के तहत काटे कनेक्शन

कुचेरा( नागौर डेली न्यूज) :

कुचेरा शहर में रिकवरी अधीक्षण अभियंता गजराज मीणा और अधिशासी अभियंता नागौर फैलीराम मीणा के नेतृत्व में शुक्रवार को बकाया वसूली के तहत कनेक्शन काटे गए। कनिष्ठ अभियंता मुकेश कुमावत ने बताया इस दौरान 7 घरेलू कनेक्शन काटे गए और बकाया राशि वसूल की गई। उन्होंने बताया कि कुचेरा में बकायादारों की सूची लंबी होती जा रही है ,इसीलिए उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार यहां पर बकाया वसूली के तहत एक टीम गठित की गई है,इसीलिए संबंधित उपभोक्ता बकाया राशि जमा करवाकर कनेक्शन कटवाने और अनावश्यक परेशानी से बचें।

# बाबूलाल पलाड़ा भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोनीत

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के समाजसेवी व जिला परिषद सदस्य बाबूलाल कुमावत पलाड़ा को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया गया है। एडवोकेट ओमप्रकाश भडाना प्रदेशाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा ने पलाड़ा को यह जिम्मेदारी देते हुए आशा व्यक्त की है कि वे अपने अनुभव एवं कार्यक्षमता से मोर्चा और पार्टी को ओर अधिक मजबूत करेंगे। बाबूलाल कुमावत पलाड़ा के भाजपा ओबीसी मोर्चा राजस्थान का प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनने की सूचना मिलते ही उनके समर्थकों में जोरदार उत्साह का माहौल छा गया तथा शुक्रवार को पूरे दिन सोशल मीडिया पर पलाड़ा को बधाइयां देने का क्रम जारी रहा।

# बालिकाओं ने साइकिले प्राप्त करके जताई खुशी



पुखराज तानाण

**बड़ी खाटू( नागौर डेली न्यूज ) :** बड़ी खाटू कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 9 वा 10 की 45 छात्राओं को साइकिल वितरण की गयी। साइकिल प्राप्त करके छात्राओं ने खुशी जाहिर की। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य महबूब अली, एसएमसी अध्यक्ष हरिराम प्रजापत, प्रधानाचार्य लक्ष्मण सिंह चांपावत, व्याख्याता तेजाराम, रामअवतार, शाले मोहम्मद, चैनाराम चौधरी, विनीता सोनी, रणजीत गुर्जर, सुखाराम गाँधी, विशन चन्द , राजेन्द्र गुर्जर, लोकेश कुमार नवल, शारीरिक शिक्षक मन्निराम चांगल, पुस्तकालय अध्यक्ष महिपाल, भंवरलाल निर्मल, अजित खाँ उपस्थित रहे।

# स्वर्गीय राठी की मूर्ति का अनावरण 9 को

जिलिया( नागौर डेली न्यूज) :

ग्राम पंचायत जिलिया के स्वर्गीय भामाशाह भंवरलाल राठी की मूर्ति अनावरण 9 जनवरी को होगा। ग्राम पंचायत चांदपुरा सरपंच परसाराम राठी ने बताया कि जिलिया ग्राम पंचायत के भामाशाह व समाजसेवी स्वर्गीय भंवरलाल राठी का मूर्ति अनावरण रविवार को नवनिर्वाचित ग्राम पंचायत चांदपुरा के गांव आसपुरा में राठी कृषि फार्म हाउस पर सुबह 11:15 बजे होगा, जिसमें कोरोना गाइडलाइंस की पालना पालना से मूर्ति अनावरण होगा।

# कुचामन पंचायत समिति में साधारण सभा की बैठक सम्पन्न

# छाये रहे कोविड, सड़क व पशुओं से संबंधित मुद्दे

## 15 से 18 वर्ष की आयु वर्ग के 10 हजार बच्चों के लगे टीके



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी ( नागौर डेली न्यूज ) :** शुक्रवार को पंचायत समिति कुचामनसिटी सभागार में प्रातः 11 बजे से साधारण सभा की बैठक प्रधान सविता चैधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

विकास अधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने महात्मा गांधी नरेगा योजना के वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं जी.पी.डी.पी. के वार्षिक प्लान को बैठक में प्रस्तुत किया, जिसका अनुमोदन सर्वसम्मति से किया गया। उपखण्ड अधिकारी बाबूलाल जाट ने कोविड वैक्सीनेशन के सम्बन्ध में बताया कि कुचामनसिटी क्षेत्र में 18 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यक्तियों के प्रथम डोज 92 प्रतिशत एवं द्वितीय डोज 87 प्रतिशत तथा 3 दिवस में 15 से 18 वर्ष की आयु वर्ग के 10 हजार बच्चों के टीके लगाये जा चुके है। जगदीश राय, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, कुचामनसिटी ने बताया कि ग्रामीण ऑलम्पिक खेलों का आयोजन 26 व 27 जनवरी 2022 को होना प्रस्तावित है। प्रधान ने बताया कि बार-बार अवगत कराने पर भी गुगडवार सड़क की मरम्मत कार्य आज दिन तक नहीं किया गया है। पशुपालन विभाग के प्रतिनिधि डॉ. सुनील ने बताया कि वर्तमान में पशुओं के खुरपका व मुंहपका बीमारी चल रही है। इसी प्रकार पंचायत समिति सदस्या श्रीमती प्रीति शर्मा ने भी साधारण सभा में विभिन्न मुद्दे उठाये।

### ये रहे मौजूद

इस साधारण सभा बैठक में सुनील चौधरी, जिला परिषद् सदस्य, मोहनलाल कुमावत उप्रधान, भंवरलाल, मूलकी देवी, विजयसिंह, कानाराम, पुसाराम, कमला, प्रिति, निलेश कुमार, बिरदाराम, निलेश कुमार जैन आदि पंचायत समिति सदस्य एवं मदनलाल कुमावत, देवीलाल कुमावत, नारायणराम नेहरा, धन्नाराम, मनोज कुमार, राजकुमार सोनी, लालाराम अणदा, बृजमोहन गावडिया, परसाराम राठी आदि सरपंचगण उपस्थित रहें।

सुश्री प्रधान सविता चौधरी, पंचायत समिति कुचामनसिटी ने साधारण सभा की बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों का आभार प्रकट किया।

# एसडीएमसी एसएमसी सदस्य प्रशिक्षण संपन्न

जिलिया (नागौर डेली न्यूज) :

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पीईईओ अधीनस्थ एसएमसी एसडीएमसी सदस्यों का दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार को संपन्न हुआ। संदर्भ व्यक्ति सत्यप्रकाश शर्मा ने प्रशिक्षण देते हुए कहा एसडीएमसी व एसएमसी सदस्य विद्यालय और अभिभावकों के मध्य सेतु का कार्य करते है। विद्यालय में बाल संरक्षण, कोरोना काल में बच्चों की शिक्षा निरन्तरता आदि बिन्दुओं को संभागियों की सहभागिता से स्पष्ट किया। सदर्भ व्यक्ति पीईईओ सोहनलाल ने समग्र शिक्षा के अन्तर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। शिविर संयोजक पीईईओ प्रधानाचार्य मुकेश दाधीच ने प्रशिक्षण में सीखी बाते अपने विद्यालय स्तर पर क्रियान्विति करने को कहा। प्रधानाध्यापक सुरेन्द्र सिंघल ने विद्यालय के समग्र विकास में एसडीएमसी व एसएमसी की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

# भामाशाहो ने स्कूली बच्चो को बांटे स्वेटर



श्यामसुन्दर प्रजापत

**मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत खारड़ियां के ग्राम गुढ़ा राजावत की राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में आज जरूरतमंद बच्चो को भामाशाहो के द्वारा स्वेटर वितरण किया गया। शाला प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश सिंगाड़िया ने बताया कि मीठड़ी कस्बे के भामाशाह स्वरुप चंद, रुपचंद, रमेश पाटोदी व उद्योगपति बाबुलाल राहोरिया पुत्र छितरमल राहोरिया ने 20 स्कूली बच्चो को सर्दी से बचाव के लिए स्वेटर वितरण किया। स्वेटर पाकर बच्चो के चेहरे खिल उठे। शाला प्रधानाध्यापक सिंगाड़िया ने बताया कि ये भामाशाह पिछले तीन चार साल से विधालय मे स्वेटर व अन्य वस्तुए वितरण करते कर रहे है। चांदमल शर्मा, ललित कुमार शर्मा, धर्मवीर ने भामाशाहो को धन्यवाद प्रेषित किया है। स्वेटर वितरण समारोह में शाला स्टाफ कैलाश शर्मा, देवीसिह, सुरेश कुमार, सुरेंद्र प्रताप मीणा, मन्शा यादव व ग्रामीण गणपत सिंह राजावत, जितेंद्र सिंह, गजेन्द्र सिंह सहित स्कूल के छात्र छात्राए मौजूद थी। वितरण समारोह के अंत में प्रधानाध्यापक सिंगाड़ियां ने भामाशाहो का आभार व्यक्त किया। साथ ही भविष्य में निरंतर सहयोग बनाये रखने की अपेक्षा की।

# रूण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आज लगेगा शिविर

फखरूद्दीन खोखर

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज ) :** पंचायत समिति मूंडवा के गांव रूण में राज्य सरकार की ओर से चिरंजीवी योजना के तहत निःशुल्क विशाल चिकित्सा शिविर का आयोजन आज शनिवार को होगा। राजकीय आदर्श प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी राजकुमार अधिकारी ने बताया इस शिविर में डॉक्टरों की टीम इस शिविर में सुबह 10 से 4 बजे तक विभिन्न प्रकार की बीमारियों की जांच और इलाज निःशुल्क करेगी।

# रक्तदान शिविर के पोस्टर व बैनर का हुआ विमोचन

## जिला कलेक्टर, एसपी व सीएमएचओ होंगे मुख्य अतिथि

फखरूद्दीन खोखर




**मूंडवा( नागौर डेली न्यूज ) :** पंचायत समिति मूंडवा के गांव रूण में होने वाले सर्व समाज रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन रूण चिकित्सा टीम ने शुक्रवार को किया।

राजकीय आदर्श प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रूण के डॉ. राजकुमार अधिकारी और चिकित्सा टीम ने पोस्टर बैनर का विमोचन करते हुए कहा कि ग्रामीणों को 12 जनवरी को सुबह 9 बजे से शाम 3 बजे इस स्वास्थ्य केंद्र परिसर में लगने वाले शिविर में ज्यादा से ज्यादा संख्या में योगदान देकर रक्तदान करना है, इन्होंने रक्तदान महादान बताते हुए कहा कि आपके रक्तदान से किसी जरूरतमंद का जीवन बच सकता है, इसलिए इस सुनहरे मौके को हाथ से नहीं जाने दें और अपना कीमती समय निकालकर प्रचार प्रसार को बढ़ावा देते रहें,वही मेलनर्स भूपेंद्र चौधरी, आरिफ खान और एएनएम सविता ने बताया रूण, इंदोकली के अलावा आसपास गांवो के इच्छुक युवा रक्तदान करने के लिए इस केंद्र पर अपना नाम लिखवा सकते हैं। गौरतलब है कि इस शिविर में संरक्षक जिला कलेक्टर डा. जितेंद्रकुमार सोनी, जिला पुलिस अधीक्षक अभिजीतसिंह और मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डा. मेहराम महिया मुख्य अतिथि होंगे। वही पोस्टर विमोचन के साथ ही गांव के मुख्य चौराहों पर युवाओं ने पोस्टर,बैनर लगाने का कार्य शुरू कर दिया है और जगह-जगह शिविर में भाग लेने और ग्रामीणों में जागरूकता के लिए पंपलेट बांटे जा रहे हैं। इस मौके पर डॉ राजकुमार अधिकारी, मेल नर्स भूपेंद्र चौधरी, आरिफ खान, एएनएम सविता, आशा सुपरवाइजर जगदीश मेहरा सहित काफी संख्या में गणमान्य ग्रामीण भी उपस्थित थे।

# पदमपुरा में 20 तो शिवदानपुरा में 46 बेटियों को मिली साइकिलें

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवदानपुरा में कक्षा 9 में अध्ययनरत सत्र-2020-21 एवं 2021-22 की छात्राओं को साइकिलें वितरित की गई। संस्था प्रधान प्रद्युम्न शर्मा ने बताया कि गत सत्र की 29 तथा वर्तमान सत्र की 17 कुल 46 बालिकाओं को साइकिलें वितरित की गई। इस अवसर पर एसएमसी, एसडीएमसी एवं शालापरिवार एवं अभिभावकों में गोविन्दराम महला, रामेश्वरलाल महला, भागीरथराम महला, हीराराम महला, हीराराम खोखर, लालाराम ढाका, जयसिंह, लादूराम जाखड़, सुरेन्द्रपाल चौधरी, प्रकाश गौड़, नीतू यादव, श्रवणराम थालौड़, लिछमणराम मूण्ड, मूलचन्द जांगिड़, घनश्याम, रेणु शर्मा, जितेन्द्रसिंह जोधा, चन्द्राराम तेतरवाल, श्रवण कुमार डोडवाडिया, बलवीर गौड़, उषा शर्मा, पल्लवी पातावत आदि उपस्थित रहे।

इसी प्रकार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पदमपुरा में साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। राजस्थान राज्य सरकार द्वारा कक्षा नवीं की छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। इस योजना के तहत सत्र 2020-21 की 20 छात्राओं को साइकिलें वितरित की गई। इस कार्यक्रम में समाजसेवी ईश्वरराम सोहू, सरपंच प्रतिनिधि मोहनराम, नरसीराम, प्रधानाचार्य मोहनराम, सुशील कुमार शर्मा, रामेश्वरलाल मण्डा, भंवरलाल जाखड़ सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मेड़तारोड के मुख्य मार्ग पर फैला कीचड़ बन रहा है परेशानी का सबब

- स्थानीय निवासी नारकीय जीवन जीने पर मजबूर
- स्टेट हाईवे की घोषणा के बावजूद नहीं हुआ अभी तक कार्य शुरू

एजाज़ अहमद उस्मानी



**मेड़ता रोड( नागौर डेली न्यूज ) :** नागौर जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत कहलाए जाने वाला मेड़ता रोड कस्बा अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। यहां पर मुख्य नागौर सड़क मार्ग पर गंदगी का आलम पसरा पड़ा है तथा जगह-जगह गंदे पानी का भराव नजर आ रहा है, जिसके कारण स्थानीय निवासियों को नारकीय जीवन जीने पर मजबूर होना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि कई बार ग्राम पंचायत को इसकी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक इस और ग्राम पंचायत का कोई ध्यान नहीं गया है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि सरपंच से जब इसकी शिकायत की गई तो सरपंच ने कहा कि यहां पर स्टेट हाईवे बन जाएगा तब जाकर समस्या खत्म हो जाएगी। सरपंच ने बताया कि मुख्य नागौर सड़क मार्ग पर जो नाले बने हुए हैं। वह सड़क से काफी ऊंचे बने हुए हैं, जिसके कारण सड़क पर पानी का भराव हमेशा रहता है। जब स्टेट हाईवे बनेगा तब लेवल होने के बाद समस्या से निजात मिल जाएगी।

### हजारों वाहन गुजरते है रोजाना

स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह नागौर सड़क मार्ग शहर का व्यस्त मार्ग है तथा यहां पर रोजाना हजारों वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। वही लोगों ने यह भी बताया कि साफ-सफाई को लेकर भी ग्राम पंचायत को कई बार शिकायत की जा चुकी है लेकिन पूरे शहर में 25000 की आबादी होने के बावजूद भी एक सफाई कर्मी के भरोसे शहर की सफाई का काम सौंपा गया है जो कि पर्याप्त नहीं है। वहीं स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि शीघ्र मुख्य सड़क मार्ग की हालत को सुधारा जाए जिससे आमजन को राहत मिल सके।

### अधरझूल में स्टेट हाईवे

निवासी ने बताया कि स्टेट हाईवे के बनाए जाने की घोषणा तो हो गई है तथा ठेका भी दे दिया गया है लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई है स्टेट हाईवे बनना तो दूर यह पर अब तक कंक्रीट और रोड़ी भी नहीं बिछाई गई है, जिससे बेसिस होता है कि यह मामला अभी अधरझूल में है। स्थानीय निवासी ने बताया कि देश में चल रहे डेंगू मलेरिया वह कोरोना जैसी महामारी को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत को चाहिए कि इस जिंदगी से स्थानीय निवासियों को राहत दिलाई जाए अन्यथा यहां के निवासी बीमारियों से नहीं इस गंदगी से ही अपने जीवन त्याग देंगे। स्थानीय निवासी ने बताया कि आए दिन यहां पानी का भराव रहने व दलदल फैला होने के कारण आसपास के निवास करने वालों को तो परेशानी हो ही रही है साथ ही साथ दो पहिया वाहन चालकों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है उक्त कीचड़ में कई बार छोटे बच्चे गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं लेकिन फिर भी ग्राम पंचायत इस और कोई ध्यान नहीं दे पा रहा है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com